प्रधान मंत्री
आवास योजना–शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

मिशन निदेशालय
सबके लिए आवास / एस.एल.एन.ए.–सूडा(उ.प्र.)
प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

23, सैक्टर–7, गोमती नगर विस्तार,
(निकट डायल–100) लखनऊ–226010
website-www.sudaup.org
e-mail-hfaup1@gmail.com

पत्रांकः–8962 / 03 / 29 / HFA-DPR/PMC-Vol-II / 2018–19 दिनांकः– 03 जनवरी, 2019

समस्त परियोजना अधिकारी / सहा0परि0अधि0,
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
उत्तर प्रदेश।

विषयः–**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक के अन्तर्गत पूर्ण हो चुके आवासों के फोटोग्राफ प्रेषित किये जाने के संबंध में।**

कृपया उपर्युक्त विषयक अभिकरण के पत्रांक–3764 / 03 / 29 / HFA-DPR/PMC/ 2018-19 दिनांक 28 सितम्बर, 2018 का सन्दर्भ लें, जिसके द्वारा पूर्ण हो चुके आवासों में से 10 आवासों के फोटोग्राफ उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये अधिकतर फोटोग्राफ मानक के अनुरूप नहीं थे और न ही High Definition (HD) कैमरे से लिये गये थे, जिस कारण उन फोटोग्राफ को भारत सरकार प्रेषित नहीं किया जा सका।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि पूर्ण हो चुके आवासों में से अपने जिले के 20 मॉडल आवासों की **(ऐसे आवास जो बाहर से देखने से पूर्णतः सुन्दर हो, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लोगो एवं टाइल्स / पत्थर पर लाभार्थी का विवरण अंकित हो) High Resolution फोटोग्राफ, जो 300 DPI (8*12 inch) से अधिक** होनी चाहिए तथा फोटो का साइज 5 MB से अधिक होना चाहिए, को प्रत्येक दशा में **आगामी 03 दिवसों में मुख्यालय को पेन–ड्राईव / सी0डी0 में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।** फोटोग्राफ के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु श्री योगेश आदित्य, सहा0 परियोजना अधिकारी, सूडा से मोबाइल नं0 9415026214 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

3/1/2019

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक (एचएफए) /
निदेशक, सूडा।

DPR-PMC/3